रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-24072020-220666
CG-DL-E-24072020-220666

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 176] | नई दिल्ली, शुक्रवार, जुलाई 24, 2020/श्रावण 2, 1942 |
| No. 176] | NEW DELHI, FRIDAY, JULY 24, 2020/SARAVANA 2, 1942 |

## गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 24 जुलाई, 2020

### शोक-संदेश

**सं.3/2/2020-पब्लिक.—**भारत के राष्ट्रपति ने, दिनांक 21 जुलाई, 2020 को मध्यप्रदेश के राज्यपाल, श्री लाल जी टंडन के लखनऊ में हुए दुखद निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है।

2. श्री लाल जी टंडन का जन्म 12 अप्रैल, 1935 को लखनऊ, उत्तरप्रदेश में हुआ था। वह दो बार अर्थात वर्ष 1978 से 1984 और वर्ष 1990 से 1996 तक, उत्तरप्रदेश राज्य विधान परिषद के सदस्य रहे। वह वर्ष 1996 से 2009 के दौरान तीन बार उत्तरप्रदेश विधान सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। श्री टंडन ने, उत्तर प्रदेश सरकार में विद्युत, शहरी विकास और जलापूर्ति, शहरी विकास और शहरी गरीबी उपशमन, आवास, वित्त, शहरी विकास और पर्यटन मंत्रालयों में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य किया। वह वर्ष 2003 से 2007 के दौरान, उत्तर प्रदेश विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष रहे। वह 15वीं लोकसभा के लिए वर्ष 2009 में संसद सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए और उन्होंने संसदीय प्राक्कलन समिति एवं रेलवे समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया।

3. श्री लाल जी टंडन दिनांक 23/08/2018 से 28/07/2019 तक बिहार के राज्यपाल के पद पर कार्यरत रहे। वह 29/07/2019 से मृत्यु पर्यन्त मध्यप्रदेश के राज्यपाल के रूप में कार्यरत रहे ।

4. श्री टंडन ने उत्तर प्रदेश के अवध क्षेत्र में, कई शैक्षिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक संस्थानों की स्थापना की।

5. श्री लाल जी टंडन को समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सदैव याद किया जाएगा। वह एक प्रभावी प्रशासक थे जो हमेशा लोक कल्याण को महत्व देते थे। उनके निधन से राष्ट्र ने एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ एवं कुशल प्रशासक को खो दिया है।

6. श्री लाल जी टंडन अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी और तीन पुत्र छोड़ गए हैं।

अजय कुमार भल्ला, गृह सचिव

**MINISTRY OF HOME AFFAIRS**

New Delhi, the 24th July, 2020

**OBITUARY**

**No.3/2/2020-Public.—**The President of India has noted with deep regret, the sad demise of Shri Lal Ji Tandon, Governor of Madhya Pradesh on July 21, 2020 at Lucknow.

2. Shri Lal Ji Tandon, was born in Lucknow, Uttar Pradesh on 12th April 1935. He served as Member, Uttar Pradesh State Legislative Council two times during 1978-1984 and 1990-1996. He was elected as Member of Uttar Pradesh Legislative Assembly three times during 1996-2009. Shri Tandon as Cabinet Minister in the Government of Uttar Pradesh held portfolios of Power, Urban Development & Water Supply, Urban Development & Urban Poverty Alleviation, Housing Finance, Urban Development & Tourism. He was leader of opposition in Uttar Pradesh Legislative Assembly during 2003-2007. He was elected as Member of Parliament for the 15th Lok Sabha in 2009 and served as Member of Parliamentary Committee on Estimates, and Committee on Railways.

3. Shri Lal Ji Tandon remained Governor of Bihar from 23/08/2018 to 28/07/2019. He was Governor of Madhya Pradesh from 29/07/2019 till his sad demise.

4. Shri Tandon established a number of Educational, Social and Cultural Institutions in Avadh in Uttar Pradesh.

5. Shri Lal Ji Tandon will be remembered for his appreciable accomplishments to serve the society. He was effective administrator, who always gave importance to public welfare. In his passing away, the Nation has lost a distinguished politician and an effective administrator.

6. Shri Lal Ji Tandon is survived by his wife, and three sons.

AJAY KUMAR BHALLA, Home Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. SURENDER MAHADASAM
Digitally signed by SURENDER MAHADASAM
Date: 2020.07.24 18:44:24 +05'30'